# रॉ शुगर निर्यात के लिए प्रोत्साहन पैकेज मंजूर

अमर उजाला ब्यूरो

- प्रति टन ₹3,333 सब्सिडी देगी सरकार
- पवार और थॉमस में टकराव के बाद फैसला

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चीनी मिलों को राहत देते हुए रॉ शुगर निर्यात के लिए सब्सिडी देने का फैसला किया है। आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने प्रति टन 3,333 रुपये सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। इस मुद्दे पर केंद्रीय कृषि मंत्री शरद पवार और खाद्य मंत्री केवी थॉमस के बीच काफी दिनों से टकराव चल रहा था। जिसके चलते मामला अटका हुआ था। चीनी मिलों के संगठन इस्मा ने फैसले का स्वागत किया है।

सीसीईए की बैठक के बाद खाद्य मंत्री केवी थॉमस ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि रॉ शुगर निर्यात के लिए प्रति टन 3,333 रुपये सब्सिडी मंजूर की गई है। खाद्य मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि यह सब्सिडी सिर्फ फरवरी और मार्च में होने वाले रॉ शुगर निर्यात के लिए ही दी जाएगी। अप्रैल के बाद सब्सिडी के लिए नए सिरे से कैबिनेट की मंजूरी लेनी होगी।

मंगलवार को भी सीसीईए की बैठक में शुगर सब्सिडी पर पवार और थॉमस के मतभेद खुलकर सामने आ गए। जिसके बाद पवार बीच में ही सीसीईए की बैठक छोड़कर चले गए। सूत्रों का कहना है कि पवार बैठक में थॉमस की मौजूदगी पर नाराजगी जाहिर करते हुए उठकर चले गए। खाद्य मंत्रालय ने पहले प्रति टन दो हजार रुपये की सब्सिडी का प्रस्ताव भेजा था, जिसे शरद पवार ने सिरे से नकार दिया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी के दाम में गिरावट को देखते हुए मिलें रॉ शुगर निर्यात के लिए प्रति टन 3,500 रुपये सब्सिडी की मांग रही थी।

Amar Ujala

13/2/14